वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 | अंक : 124 | बुधवार 28 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में गुरुवार से दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आरआईसी में करेंगे शुभारम्भ

### 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' पर होंगे 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' सेशंस

**जयपुर. कासं।** प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार से आयोजित होने वाली दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस में चिंतन-मनन करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुए राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी-आईजी सम्मेलन में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ''पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड'' के विषय पर आयोजित इस विशेष कांफ्रेंस का शुभारम्भ करेंगे। उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। डीजीपी साहू ने बताया कि कांफ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग-अलग सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों में राज्य के एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी आनॅलाइन और ऑफलाइन मोड में 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे। डीजीपी ने बताया कि कांफ्रेंस में न्यू क्रिमिनल लॉज, मादक पदार्थों की तस्करी और रोकथाम, साइबर सिक्योरिटी, क्राइम कंट्रोल, परीक्षाओं में नकल पर लगाम, महिला अपराध, बच्चों और कमजोर तबके के लोगों के विरुद्ध अपराध पर नियंत्रण, रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**जयपुर. कासं**

आगामी 9-11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान'' इन्वेस्टमेंट समिट के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापान से आए विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में वाफुकु हॉस्पिटल एवं होम केयर ग्रुप, टोक्यो के चेयरमेन डॉ. नोबुहिको इशिदा, फुमिताका इशिवाता, शिंजी फुनामोरी, केनिची तकाशिमा, कैप्टन रामजी शर्मा और नील कंडिरा शामिल थे। बैठक के दौरान राजस्थान व जापान के बीच संबंधों को मजबूत बनाने तथा विभिन्न प्रकार के निवेशों व मानव संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसे अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# 'मेरी आवाज सुनो' रैली के साथ एक मिनट का मौन

### इंटरेक्ट क्लब के स्टूडेंट्स ने देश में बढ़ती घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया

**जयपुर. कासं**




रोटरी क्लब जयपुर द्वारा प्रायोजित इंटरेक्ट क्लब रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ जागरूकता लाने और विरोध जताने के लिए रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल के इंटरेक्टर्स द्वारा पूरे उत्साह के साथ 'मेरी आवाज सुनो' रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल समुदाय और जनता को इस तरह के जघन्य अपराध के खिलाफ खड़े होने के महत्व के बारे में शिक्षित करना और महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक करना था। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए एक रैली स्कूल परिसर से होते हुए जनपथ और अहिंसा पार्क तक पहुंची। मार्च के बाद स्टूडेंट्स ने बलात्कार पीड़ितों द्वारा सामना की जाने वाली कठोर वास्तविकता और इससे जुड़े सामाजिक कलंक को दर्शाते हुए एक स्किट (नुक्कड़ नाटक) प्रस्तुत किया। देश भर में बलात्कार की शिकार महिलाओं की याद में मोमबत्ती जलाने के बाद एक मिनट का मौन रखा गया। मुख्य अतिथि वक्ता रोटेरियन पल्लवी सिंघवी चेयरपर्सन सेल्फ डिफेंस रोटरी क्लब जयपुर और प्रेसिडेंट इलेक्ट रोटेरियन सीए दुर्गेश पुरोहित चेयरमैन इंटरेक्ट क्लब थे। रैली का संचालन स्कूल प्रिंसिपल सुशीला नेगी के मार्गदर्शन में संचालक गरिमा सिंह द्वारा किया गया।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर चाकसू 20 पंथीयान के चुनाव संपन्न

## अध्यक्ष दीपचंद चौकडायत, मानद मंत्री सुनील बक्शी बने





जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री दिगंबर जैन मंदिर चाकसू 20 पंथीयान जोहरी बाजार अधीनस्थ श्री दिगंबर जैन मंदिर जग्गा की बावड़ी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। श्री दिगंबर जैन मंदिर चाकसू जैन समाज का सबसे पुराना मंदिर है। इस जैन मंदिर का निर्माण जयपुर बसने के साथ ही संवत 1782 में हुआ था। इस मंदिर में मूल नायक प्रतिमा भगवान चंद्र प्रभु जी की है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट हेमंत सोगानी एवम एडवोकेट जितेंद्र जैन के अनुसार चुनाव में निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए : अध्यक्ष दीपचंद चौकडायत, मानद मंत्री सुनील बक्शी, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार बज, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार ठोलिया, संयुक्त मंत्री हेमंत गोदिका तथा कार्यकारिणी सदस्य : संयोजक जग्गा की बावड़ी पदमचंद संघी, संयोजक मंदिर जी चाकसू संदीप ठोलिया, सहसंयोजक जग्गा की बावड़ी नेम कुमार कोडीवाल, सुनील ठोलिया, दिग्विजय जैन ठोलिया, डॉक्टर साधना वीरेंद्र गोदिका।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से....

**कुलचाराम, हैदराबाद**

जिन्दगी तस्वीर भी है और तकदीर भी,
फर्क तो रंगो का है..
मनचाहे रंगो से बने तो तस्वीर है..
और अनचाहे रंगो से बने तो तकदीर है..



स्वयं का मूल्य समझना और स्वयं को अपने संकल्प और समर्पण के प्रति इमानदार बनना ही मानवीय जीवन का सार है। अक्सर हमारे दैनिक जीवन में किसी चीज को जल्दी पाना और कम समय में अच्छा परिणाम पाना हमारी आदत सी बन गई है। यदि काम सफल हो गया तो गुरू और प्रभु सच्चे हैं,, अन्यथा ? यदि आप बसन्त ऋतु में बीज ना डालें और पौधा लगाना भूल जायें या गर्मियों में आलस्य करें और शरद ऋतु में फसल उगाने की सोचें- ? यह ऐसी समस्या है जिसका कोई समाधान नहीं है। यदि हमें फसल उगाना है, तो प्रकृति के नियमों का पालन और समय का इन्तजार तो करना ही पड़ेगा। इसी प्रकार मानव जीवन में कुछ नियम, कुछ संकल्प और कुछ पाने के लिए समय, समर्पण, सहनशील बनना ही पड़ेगा। मानवीय जीवन के कर्तव्यों का बखूबी से निर्वाहन करें, आपसी रिश्तों को निस्वार्थ भाव से निभायें, अपने स्वाभिमान को बरकरार रखें, अपनी बुरी आदतों का हवन करें, नित्य एक सद्गुण का बीजा रोपण करें, स्वयं अनुशासन का पालन करें, वाणी के अपलाप से बचें, संकल्पों के प्रति निष्ठावान बनें, आत्म विश्वास को वर्धमान करें, दूसरों की भावनाओं और आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं करें, धर्म, सेवा, परोपकार, दान के प्रति उदार बनें, दूसरों से अपनी तुलना ना करें,, यही हमारे मानवीय जीवन के कर्तव्यों के प्रति सच्ची निष्ठा और आत्मविश्वास की परीक्षा होगी। स्वयं का मूल्य समझना और स्वयं के संकल्पों के प्रति अटल रहना ही मानव जीवन का सार है।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

# खेल दिवस के अवसर पर जैन समाज द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




सी स्कीम स्थित महावीर दिगंबर जैन स्कूल मे जैन सोशल ग्रुप महानगर एवं चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जैन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट डायरेक्टर जिनेश कुमार जैन ने बताया कि यह टूर्नामेंट इंटरनेशनल आर्बिटर भगवती प्रसाद शर्मा के निर्देशन में हुआ है। विजेता प्रथम पांच महिलाओं में क्रमश सौम्या जैन, शिविका सरावगी, श्रेयांशी जैन, वाणी जैन, एवं शनाया जैन रही और पुरुष वर्ग में क्रमश : काव्यांश जैन, चेतन्य जैन, मुदित जैन, संदीप गोलछा एवं पर्व ठोलिया रहे, इन 10 (सर्वश्रेष्ठ 5 सफल पुरुष एवं 5 सफल महिला) खिलाड़ी को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट एवं मेडल पहनाकर के सम्मानित किया। जैन सोशल ग्रुप महानगर के अध्यक्ष संजय जैन आवा व सचिव सुनील जैन गंगवाल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी विधायक प्रत्याशी संजय बाफना, दिगंबर जैन महा समिति अध्यक्ष राजेंद्र शाह, जयपुर जिला शतरंज कोषाध्यक्ष आशा भार्गव, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकेश सोगानी, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित दिनेश शर्मा, एडवोकेट पीयूष शर्मा, भागचंद जैन, बसंत जैन बगड़ा, महावीर पाटनी, अभिषेक जैन बिट्टू ने दीप प्रज्वलन किया एवं समस्त लोगों ने राष्ट्रगान करके प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। जैन सोशल ग्रुप महानगर संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि इस तरह का इंडोर चेस टूर्नामेंट जैन समाज में पहली बार हुआ है जिसमें जयपुर के साथ-साथ अन्य जिलों एवं राज्यो के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है। सभी विजेता खिलाड़ियों को दिगंबर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार कोठारी, महावीर शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष महेश काला, राजस्थान जैन युवा महासभा के महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, दिगंबर जैन महा समिति राजस्थान अंचल के महामंत्री महावीर बाकलीवाल, ग्रैंडमास्टर ऋषि कौशिक एवं डॉक्टर लोकेंद्र शर्मा के कर कमलो से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप महानगर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गदिया, रवि जैन, राजीव जैन, सुशील कासलीवाल, चेतना शर्मा, रवि वर्मा, अजय जैन, सुनील गोधा, विपिन भोंच, संदीप छाबड़ा, दीपेश अजमेरा एवं बड़ी भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। चेस पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव ललित भराडिया एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र अरोड़ा ने जैन समाज को आमंत्रित करते हुए बताया कि अगला टूर्नामेंट 7 और 8 सितंबर 2024 को एसएमएस इंडोर स्टेडियम में होगा, जिसमें ₹3 लाख की कैश मनी एवं बहुत सी ट्रॉफीज प्राइज मनी के रूप में प्रदान की जाएगी।





# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर दृष्टि बाधित छात्राओं ने सजाई मनमोहक झांकी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिव्य ज्योति सेवा संस्थान द्वारा संचालित दिव्य ज्योति ब्लाइंड गर्ल्स स्कूल जयपुर संस्था परिवार के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संस्था की नन्ही नन्ही छात्राओं ने श्री कृष्ण , राधा , रुकमणि, ओर सखियों का रूप धारण कर सुंदर झांकी सजाई। छात्राओं का ये सुंदर रूप सबका मन मोह रहा था। छात्राओं ने जबरदस्त भजनों की प्रतुतिया भी दी। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। संस्थापक रेनू शर्मा ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई देते हुए बच्चियों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया।

# एफ . ए . आई . एल . का मतलब सीखने में पहले प्रयास : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी जिला - टोंक (राज.) में चातुर्मासरत भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ने जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि - सफलता कोई दुर्घटना नहीं है । यह तो कड़ी मेहनत , दृढ़ता , सीखने , अध्ययन , बलिदान और सबसे बढ़कर आप जो कर रहें हैं या करना सीख रहें हैं । उससे प्यार करते हैं वो है । अपने सपने की और बढ़ते रहें , भले ही रास्ता कठिन हो । क्योंकि सफलता की मंजिल धैर्य और दृढ़ संकल्प में छिपी है । माताजी ने कहा - यदि आप असफल हो जाते हैं तो कभी हार ना माने क्योंकि एफ. ए. आई . एल. का मतलब होता है सीखने में पहले प्रयास। पूज्य माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा व भक्तामर दीपार्चना करवाने का अवसर राजेन्द्र शाह सीसवाली , अशोक जैन लावा वालों ने प्राप्त किया। आज के चातुर्मास संयोजक बनने का अवसर जयप्रकाश जी जैन जयपुर वालों ने प्राप्त किया। गुरु मां ससंघ की उपवास के बाद पारणा करवाने का अवसर सीमा जैन व इंद्रा जैन निवाई, अशोक गंगवाल चाकसू एवं व्रती आश्रम के व्रतियों ने प्राप्त किया।

# मानवता परिवार ने झुग्गी बस्ती के बच्चों के साथ जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया

## बच्चों ने फोड़ी मटकी, बजाई बांसुरी



**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

भिंड। नगर की सामाजिक संस्था मानवता परिवार के संयोजक बबलू सिन्धी ने कहा की झुग्गी बस्ती के बच्चों के साथ जन्माष्टमी का त्योहार मनाना एक अद्भुत पहल है। बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखना वास्तव में आनंददायक रहा मटकी फोड़ने की परंपरा जन्माष्टमी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और बच्चों को इसे करने का मौका देना उन्हें इस त्योहार की असली भावना से जोड़ता है। यह न केवल उन्हें खुशी देता है, बल्कि उन्हें भगवान कृष्ण की लीलाओं और शिक्षाओं के बारे में भी सिखाता है। मानवता परिवार के इस प्रयास से झुग्गी बस्ती के बच्चों को जन्माष्टमी का असली आनंद मिला और उन्हें यह महसूस हुआ कि वे भी इस त्योहार का हिस्सा हैं। यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे हम समाज में सभी को एक साथ ला सकते हैं और उन्हें खुशियों का अनुभव करा सकते हैं। उत्सव में बबलू सिन्धी, तिलक सिंह भदौरिया, प्रभाती घोष, सीमा श्रीवास्तव, रानी जैन, पूजा सिंह, सोनल जैन, सामली जैन, रक्षा जैन, तान्या राजावत, सावित्री सेंगर, दर्शिका सेंगर, रौशनी सेंगर , शुभन सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# जन्माष्टमी का उत्सव छोड़ गोवंश की सेवा को दी प्राथमिकता

## लायन्स क्लब सेन्ट्रल की सेवा गतिविधि

**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**



कोटा । लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के सभी सदस्यों में सेवा करने का जूनून इस कदर भरा हे कि हर पल मदद के लिये तत्पर रहते हें सेवा भाव का ऐसा जज्बा जन्माष्टमी की रात को देखने को मिला जब क्लब सदस्य ने कृष्ण जन्मोत्सव को छोड़कर एक घायल गोवंश की सेवा की। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवम सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया कि रात 11.30 बजे जब सृष्टि के नायक भगवान श्री कृष्ण के जन्म की प्रतीक्षा में सब उत्सव में मग्न थे तभी लायन राजकुमार कहालिया को सूचना मिली की कापरेन रोड पाटन स्टेशन के पास नशे में कार चलाते हुए व्यक्ति ने रेडियम लगे 2 गोवंशो को 800 मीटर तक घसीट बुरी तरह घायल कर दिया हे। सूचना मिलते ही तुरन्त मौके पर लायन सदस्य राजकुमार अपने साथ श्रीहरि गोशाला से मेडिकल टीम लेकर पहुंचे और गोवंशों को प्राथमिक उपचार देकर लाड़िंग वाहन से गौशाला में लेकर आए । लायंस के मोटो सर्विस एज नीडेड को लायन साथियों ने फॉलो किया।

## वेद ज्ञान

# दुःख के कई कारण

दुख को जीवन का शाश्वत सत्य बताया गया है। सवाल यह है कि दुख का निवारण कैसे हो? इसकी खोज में अनंत काल से मनीषियों ने अपना जीवन अर्पित किया और पाया कि दुख का कारण है और इसका निवारण भी है। दुख के कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है चाह, इच्छा या कामना। चाह का न होना और अनचाहे का हो जाना दुख का मूल कारण है। हम जन्म से ही कुछ न कुछ चाहते हैं और चाह की पूर्ति न होने पर हम दुखी होते हैं। दुख का दूसरा कारण है, हमारा शरीर जो रोगों का भंडार है। शरीर के धारण करते ही रोग व पीड़ा का जन्म हो जाता है। कई बच्चे तो जन्मते ही रोग के शिकार हो जाते हैं। कई रोगों पर तो नियंत्रण हो चुका है, परंतु अभी अनेक रोग लाइलाज हैं। वृद्धावस्था में कुछ ज्यादा ही रोग उत्पन्न होते हैं। रोग से उत्पन्न पीड़ा व रोग के उपचार के खर्च से रोगी और परिजन दोनों दुखी रहते हैं। चाह का बदला रूप है आकांक्षा। हम जीवन में ऊंचा पद, यश और कीर्ति चाहते हैं। आकांक्षा प्रगति या विकास की जननी है, परंतु दुख का मूल भी है। आकांक्षा अपने आप में बुरी नहीं है, परंतु जब यह ममत्व व संग्रह की प्रवृत्ति से जुड़ जाती है तो यह न केवल स्वयं के लिए दुख का कारण बनती है, बल्कि पूरे समाज में विग्रह और विषमता का कारण भी बनती है। आकांक्षा जन्म देती है अहं और लोभ को। अहं से पैदा होता है क्रोध और संघर्ष। विजयी बनने की आकांक्षा उचित-अनुचित की सीमा समाप्त कर देती है। संघर्ष जब हिंसात्मक हो जाता है तब मूक वर्ग (जिसमें गरीब समाज भी शामिल है) हिंसा के शिकार बनते हैं, भोग-उपभोग के साधन बनते हैं, शासित व दमित होते हैं। सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था का आधार शोषण होने से व्यक्ति चाहकर भी शोषण के जाल से मुक्त नहीं हो पाता। जिनका साधनों पर कब्जा है, उन्हें रोटी, कपड़ा, मकान की चिंता नहीं है, परंतु मजदूर और साधनहीन को तो सुबह होते ही मजदूरी पर जाना है। साधनों की प्रचुरता के बावजूद अनेक लोग सुखी महसूस न करने पर आनंद की खोज में अन्यत्र भटकते हैं। कुछ लोग यश-कीर्ति में आनंद खोजते हैं। जो इसमें भी सुखी नहीं होते, वे अंतस की खोज प्रारंभ कर अध्यात्म में रमण करते हैं, परंतु ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है, जो अध्यात्म में सही जगह पर पहुंच जाएं।

## संपादकीय

# चमकते पर्दे के पीछे की काली सच्चाई!

मलयालम फिल्म उद्योग को लेकर एक धारणा रही है कि केरल में होने के नाते वहां की स्थितियां बेहतर होंगी, महिलाओं के लिए अपेक्षया ज्यादा सहज और अनुकूल माहौल होगा। मगर कुछ महिला कलाकारों के आरोप के बाद अब जो मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि पर्दे पर प्रगतिशील और महिलाओं के हक में दिखने वाली फिल्मी दुनिया का भीतरी ढांचा कई स्तर पर महिलाओं के खिलाफ बहुस्तरीय शोषण की शर्मनाक तस्वीर



भी छिपाए हुए है। मलयालम फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण के मसले पर 2017 में गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट के अब सामने आने के बाद कुछ पुराने मामले भी उभर रहे हैं। गौरतलब है कि एक अभिनेत्री ने मलयालम फिल्मों के एक निमार्ता रंजीत पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद रविवार को रंजीत ने केरल चित्रकला अकादमी के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं एक अन्य अभिनेत्री के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद अभिनेता सिद्दीकी ने ''एसोसिएशन आफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स'' के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। यों आरोपों के घेरे में आने वाली हस्तियों ने सच्चाई सामने आने का इंतजार करने का हवाला दिया है, मगर इस मसले पर गठित समिति की रपट में जो हकीकत सामने आई है, उसके बाद किस तरह के सच की उम्मीद की जा सकती है! संभव है कि आरोप और उसके साबित होने के बीच लंबा फासला हो। यह भी परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि फिल्म में काम पाने के लिए किसी महिला को मजबूरी में जो समझौते करने पड़े, शोषण या भेदभाव के मसले पर चुप रहना पड़ा, उसके काफी समय बीत जाने के बाद आरोप उसी रूप में साबित हो सकें। मगर मलयालम फिल्मों की दुनिया में महिलाओं के साथ होने वाले अनुचित व्यवहारों को हेमा समिति ने जिस शक्ल में दर्ज किया है, उससे साफ है कि पर्दे पर दिखने वाली प्रगतिशील कहानियों का नेपथ्य महिला कलाकारों के लिए उतना ही अनुकूल नहीं रहा है। वैसी स्थिति की कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है जिसमें किसी महिला को उस व्यक्ति की पत्नी की भूमिका निभानी पड़ी, उसे गले लगाना पड़ा, जिसने एक दिन पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था। ऐसी न जाने कितनी घटनाएं काम नहीं मिलने और यहां तक कि प्रतिबंध लगाए जाने के हालात और मजबूरी के दुख में दब कर रह जाती होंगी और पर्दे पर चलती कहानियों के आधार पर फिल्म जगत की भीतरी दुनिया के बारे में लोग सकारात्मक राय बनाते होंगे। मगर उस दुनिया में महिलाओं के लिहाज से हकीकत कई बार उलट भी हो सकती है। किसी फिल्म की कहानी महिलाओं से होने वाले भेदभाव, उनके शोषण से जुड़े मुद्दे उठाती दिख सकती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि इसके निर्माण से जुड़े समूह में महिलाओं के हक और सम्मान का भी उतना ही खयाल रखा गया हो। हिंदी फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों और खासतौर पर फिल्मी दुनिया में जगह बनाने पहुंची नई युवतियों को कैसी विपरीत परिस्थितियों और कई बार शोषण का सामना करना पड़ता है, इससे संबंधित खबरें पहले भी आती रही हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नई पेंशन योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना को गत सप्ताह मंजूरी प्रदान की जिसे यूनिफाइड पेंशन सिस्टम (यूपीएस) का नाम दिया गया है। इसे 1 अप्रैल, 2025 से लागू किया जाएगा। इससे उन सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा जिन्होंने 1 जनवरी, 2024 के बाद नौकरी शुरू की है तथा जो न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) में शामिल हैं। यूपीएस के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पहले के 12 महीनों के औसत मूल वेतन के 50 फीसदी के बराबर पेंशन मिलेगी। इसके लिए शर्त है कि कर्मचारी ने न्यूनतम 25 वर्षों की सेवा अवधि पूरी की हो। कम अवधि तक नौकरी करने वालों की पेंशन कम होगी लेकिन इसके लिए कम से कम 10 साल नौकरी करना जरूरी होगा। न्यूनतम 10 वर्ष नौकरी करने वाले कर्मचारियों को 10,000 रुपये की सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाएगी। यूपीएस में परिवार पेंशन भी मिलेगी तथा महंगाई का भी ध्यान रखा जाएगा। यूपीएस को मंजूरी मिलने के साथ ही सरकार ने पुरानी पेंशन योजना और नई पेंशन योजना की विशेषताओं को मिलाकर बीच का रास्ता निकालने की कोशिश की है। पेंशन का मसला कुछ राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनावों में राजनीतिक रूप से भावनात्मक रहा है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब जैसे कुछ राज्यों ने जहां उस समय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार नहीं थी, वापस पुरानी पेंशन योजना अपना ली। इसकी वजह से भविष्य की पीढ़ियों पर पेंशन का बोझ पड़ेगा। उधर केंद्र सरकार ने तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथन के अधीन एक समिति का गठन किया था ताकि इस विषय की पड़ताल की जा सके ओपीएस के उलट जहां यूपीएस के तहत मिलने वाले लाभ परिभाषित होंगे, वहीं इसमें एनपीएस की तरह सुनिश्चित योगदान भी करना होगा। कर्मचारी यूपीएस में अपने मूल वेतन का 10 फीसदी और महंगाई भर्ती का योगदान जारी रखेंगे सरकार अब एनपीएस में 14 फीसदी के स्थान पर इसमें 18.5 फीसदी का योगदान करेगी। पहले वर्ष में इस अतिरिक्त योगदान का बोझ करीब 6,250 करोड़ रुपये होगा जबकि एकबारगी बकाये के रूप में 800 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। जिन लोगों ने एनपीएस की शुरूआत के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली हैं उन्हें यूपीएस को अपनाने का विकल्प मिलेगा। यह योजना राज्य सरकारों के कर्मचारियों के लिए भी उपलब्ध होगी। केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के बीच पेंशन को लेकर व्याप्त अनिश्चितता को दूर करने की कोशिश की है। सुनिश्चित पेंशन के साथ अब उन्हें अपने पेंशन फंड्स के प्रदर्शन को लेकर चिंतित नहीं होना होगा। योगदान बढ़ने के कारण सरकार को अतिरिक्त राशि चुकानी होगी। इसके अलावा भविष्य में अगर सुनिश्चित राशि प्रदान करने के लिए पेंशन फंड पर्याप्त रिटर्न नहीं जुटा पाता तो उसे इसके लिए भी धन जुटाना होगा। इसके बावजूद वह ओपीएस की तुलना में बेहतर विकल्प है क्योंकि इसमें भविष्य की पीढ़ियों पर उतना दबाव नहीं होगा। यद्यपि यूपीएस ने सरकारी कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने की कोशिश की है लेकिन अभी देखना होगा कि राजनीतिक रूप से इसका क्या असर होता है। संभव है कि कुछ राज्य अभी भी ओपीएस की और वापस जाएंगे क्योंकि अल्पावधि में उन्हें योगदान के मोर्चे पर बचत देखने को मिलेगी। बहरहाल वृहद आर्थिक नजरिये से ऐसे कठिन सुधारों को उलट देना अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ेगा।

## दीक्षार्थी की भव्य बिंदोली निकाली गई





प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा । दीक्षार्थी भेरूलाल कासलीवाल की भव्य बिंदोली निकल गई। प्रकाश पाटनी ने बताया कि दीक्षार्थी निजी मकान संजय कॉलोनी से बैंडबाजों के साथ भव्य बिंदोली निकली। दीक्षार्थी सजी-धजी बगी में विराजमान थे। जगह-जगह लोगों ने दीक्षार्थी की गोद भराई की गई । दीक्षार्थी बड़े खुश होकर लोगों को प्रभावना दें रहे थे। बिंदोली अजारदारान दिगंबर जैन मंदिर आमलियों की बारी में पहुंची। जहां जिनेंद्र देव के दर्शन के बाद समाजजनों ने बारी-बारी से दीक्षार्थी की गोद भराई की। उल्लेखनीय है कि आगामी अक्टूबर माह में किशनगढ़ में विराजित आचार्य श्रीसुनील सागर जी महाराज से दीक्षार्थी भेरूलाल कासलीवाल की जनेश्वरी दीक्षा होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## जौ के दाने के बराबर प्रतिमा विराजमान करने वाला भी पुरुष महान पुरुष कहलाता है: आर्यिका पवित्रमति माताजी




सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया

नौगामा। परम पूज्य पवित्र मति माताजी का मंगल चातुर्मास नौगामा नगर में चल रहा है। प्रातः माताजी के सानिध्य में 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 1008 भगवान महावीर समवशरण मंदिर जी मे अभिषेक शांति शांति धारा हुई। अभिषेक करने का प्रथम सौभाग्य पंचोली विपुल कुमार, पंचोली कैलाश, अर्पित जैन मंडीदीप मध्य प्रदेश को प्राप्त हुआ। उसके उपरांत माताजी का मंगल प्रवचन चातुर्मास पंडाल में हुआ। माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि दान की महिमा बड़ी अपरंपार है कोई व्यक्ति जौ के दाने के बराबर मंदिर में प्रतिमा विराजमान करता है तो वह महान व्यक्ति कहलाता है। पुण्य का भगी होता है एवं मंदिर की शिखर मंदिर बनता तो अति उत्तम होता है। हमें प्रतिदिन प्रातः उठने के बाद मंदिर के दर्शन नहीं हो पाए तो शिखर का भी दर्शन भी कर लेना चाहिए । उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि हमें कभी भी किसी से बेरभाव नहीं रखना चाहिए , बैरभाव रखने से जन्म जन्मांतर चलता रहता है। जिससे कषाय का कारण बनता है ।6 महीने से अधिक बैर भाव रखने से अनंत अनुबंदी कषाय का दोष लगता है। माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि आगामी 8 तारीख से हमारे पर्व पर्वधिराज पयूषण आरहे हैं हम सबको संस्कार शिविर में सम्मिलित होना है एवं अपने व्रत नियम उपवास का पालन करना है माताजी ने कहा कि पुरुष एवं महिलाएं इस संस्कार शिविर में अपनी सहभागिता बना सकते हैं इन 10 दिनों में हमें विशेष धर्म लाभ लेना है इन 10 दिनों में विभिन्न विधान भी होंगे आज प्रवचन के पश्चात मंडीदीप मध्य प्रदेश से पधारे हुए रितेश अग्रवाल विकमल सिंह अर्पित जैन का चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष निलेश जैन उपाध्यक्ष राजेंद्र गांधी उपाध्यक्ष नरेश जैन महेंद्र गांधी राजेंद्र पंचोली ने अतिथियों को दुपट्टा उडाकर पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।

## अहाना जैन ने रोलर इनलाइन स्केटिंग में जीते दो गोल्ड मेडल

### 500 मीटर तथा 1000 मीटर में रही विजेता



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नीरजा मोदी स्कूल में तीन दिवसीय इंटर स्कूल में बैडमिंटन टेबल टेनिस तैराकी और रोलर इनलाइन स्केटिंग की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों से 3000 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पहले दिन एन एमएस मानसरोवर और एन एम एस वर्ल्ड क्लास स्कूल के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया । कैंब्रिज कोर्ट हाई स्कूल मानसरोवार की छात्रा अहाना जैन ने 14 ग्रुप में 500 मीटर व हजार मीटर इन लाइन स्केटिंग दोनों रेसो में दो गोल्ड मेडल प्राप्त किया ।कैंब्रिज कोर्ट हाई स्कूल मानसरोवार के विद्यार्थियों ने 6 गोल्ड 4 सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये। प्रतियोगिता में स्कूल की प्रिंसिपल इंदु दुबे द्वारा पुरस्कार वितरण करके सम्मानित किया गया ।



## नन्हें बच्चों ने बनाई झांकी, बने राधा कृष्ण



सुशील चौहान. शाबाश इंडिया

**भीलवाड़ा।** सुभाष नगर में बच्चों ने अपने घर के बाहर झांकी बनाई। लायंस क्लब भीलवाड़ा शक्ति अध्यक्ष अनीता आर्य एवं श्याम गगराणी ने बच्चों का झांकी बनाने में सहयोग किया। समृद्धि, अंशिका, समर्थ, आर्या बने कृष्ण राधा। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

## आर्यिका श्री स्वस्ति भूषण माताजी से सुनील कुमार ने लिया आशीर्वाद



**जहाजपुर. शाबाश इंडिया।** पूज्य आर्यिका श्री स्वतिभूषण माताजी के जहाजपुर स्थित श्री मुनिसुव्रत नाथ अतिशय क्षेत्र में जयपुर निवासी सुनील कुमार निर्मला ठोलिया ने दर्शन लाभ प्राप्त किया ।इस अवसर पर आर्यिका श्री ने उन्हें आशीर्वाद स्वरूप अपनी लिखी पुस्तक ट्रानिग पॉइंट देते हुए उसका अध्ययन करने का निर्देश दिया।




# जायंट्स ग्रुप ऑफ जोधपुर ने मनाया सावन महोत्सव व जन्माष्टमी महोत्सव

**आयुष पाटनी. शाबाश इंडिया**

जोधपुर। जायन्टस ग्रुप ऑफ जोधपुर द्वारा मंगल दर्शन हाल में सावन महोत्सव व जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित किया गया। अध्यक्ष ओम जैन ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी रविन्द्र बोथरा रहे, केंद्रीय समिति सदस्य सोहन भूतड़ा, स्पेशल कमेटी सदस्य दिनेश गुप्ता वह राजस्थान प्रभारी देवेंद्र सा गेलडा इन सब के इस कार्यक्रम में होने से कार्यक्रम की शोभा अधिक हो गई । सावन महोत्सव का शुभारंभ हाउजी से किया गया जिसमें चिराग धारीवाल द्वारा सभी विजेताओं को अपनी ओर से पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही बेस्ट ड्रेस अवार्ड ,कपल गेम, 1 मिनट गेम विजेताओं को सुनील मेहता की तरफ से पुरस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम में लकी ड्रॉ के पुरस्कार राहुल धारीवाल द्वारा दिए गए।महिलाओं के द्वारा घूमर नृत्य व सावन के गीतों पर डांस प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दहीहॉडी रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक कमल जी सोनी को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष महेश मेहता द्वारा साल उड़ाई गई। वह राहुल धारीवाल द्वारा चांदी का सिक्का देखकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में एसीपी रविंद्र बोथरा का सोहन सा भूतड़ा व देवेंद्र गेल्डा द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया, दिनेश गुप्ता द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया। बेस्ट ड्रेस का अवार्ड चंद्रा छाजेड मिसेज सावन का अवार्ड विनीता धारीवाल वरुचि गुप्ता को दिया गया। इस गेम की जज सुनीता हेडा वह आनंद भूतड़ा रही।कपल गेम में सुनील भाटी व मुकेश नाहर को ग्रुप गेम में रुचि गुप्ता सुनीता सांखला को दिया गया। ग्रुप के अध्यक्ष ओम जैन और प्रशासनिक निर्देशक प्रदीप खंडेलवाल ने सदस्यों का धन्यवाद कर भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में अधिक संख्या में भाग लेने का के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में सभी फेडरेशन नाइन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष जसवंत मेहता फेडरेशन अधिकारी कुसुम जैन पूर्व केंद्र कमेटी सदस्य अमर सिंह लोढ़ा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में पूरा मनोरंजन, गेम खिलाए गए इसका पूर्ण सहयोग प्रदीप खंडेलवाल को जाता है। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आनंद मुंदडा युनिट डायरेक्टर राकेश जलानी व अशोक मेहता सुधीर जैन, रविंद्र पटवा, नवनीत सेठिया, रमेश छाजेड़,रमेश सेठिया, रविंद्र भाटी घनश्याम भाटी आदि करीब 125 सदस्य इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# फेडरेशन परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

परम पुज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज संसघ का आशीर्वाद लेने दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन के राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका श्रीमति पुष्पा जी कासलीवाल के नेतृत्व में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, राष्ट्रीय महासचिव विपुल वाझल, राष्ट्रीय पुर्व अध्यक्ष विमल अजमेरा, हेमचंद्र झाझरी, टी के वेद, हसमुख गांधी, कमलेश कासलीवाल, कार्यअध्यक्ष राजकुमार पाटोंदी, कीर्ति पांड्या , बाहुबली पाडया, मनोहर झाझरी, रीजन ग्रुप अध्यक्ष वितुल अजमेरा, परामर्शदाता अमित कासलीवाल, आदित्य कासलीवाल, संजय अहिंसा सहित सोशल ग्रुप फैडरेशन के अनेक पदाधिकारीयो एवं सोशल ग्रुप के अध्यक्ष मंत्री सभी ने मुनिश्री के समक्ष सोशल ग्रुप की गतिविधियां से अवगत कराया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि सभी ने मुनि संघ से आशीर्वाद प्राप्त किया।




# कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुरलीपुरा जैन मंदिर का 35वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज से 35 वर्ष पूर्व कृष्ण जन्माष्टमी के दिन श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर मुरलीपुरा जयपुर की स्थापना हुई थी। कृष्ण जन्माष्टमी के साथ ही इस दिन को प्रति वर्ष मुरलीपुरा जैन समाज स्थापना दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाता आ रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 26 अगस्त, सोमवार को प्रातः 7 बजे से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर मुरलीपुरा में स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर कार्यकारिणी के अध्यक्ष धर्मचंद जैन एवं महामंत्री नीरज जैन ने बताया कि प्रातः काल 7 बजे से मूलनायक 1008 श्री महावीर भगवान के प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा की गई, यह परम सौभाग्य कपिल कुमार, अंकित कुमार, मौनिक, प्रणम जैन ( राजावास वाले ) परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रावकों ने शुद्ध वस्त्रों में श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा की। इसके पश्चात मंदिर के मुख्य तोरण द्वार पर स्थित शिखर पर सुधीर कुमार जैन एवं सुरेश चंद जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष पंकज जैन ने बताया कि इसके पश्चात मंदिर में विधानाचार्या वैभव जैन शास्त्री एवं संगीतकार नरेंद्र जैन एंड पार्टी के सानिध्य में महावीर विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सौधर्म इंद्र-इंद्राणी बनकर विधान की अगवानी करने का सौभाग्य बंसीलाल, अनिल कुमार, दीपक, दैविक जैन ( मालपुरा वाले) परिवार को प्राप्त हुआ, विधान का शुभारंभ मंडल पर दीप प्रज्वलन कर श्रीमती विधा देवी गोधा एवं कुलभूषण गोधा ने किया। विधान में पंडित वैभव , संगीतकार नरेंद्र जैन एवं उनकी टीम ने अपने मधुर भजनों से अत्यंत पावन वातावरण बना दिया। महिलाओं का उत्साह इस अवसर पर देखते ही बनता था। विधान के समापन पर उपस्थित सभी लोगो को मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंदिर कार्यकारणी से सुभाष बाकलीवाल, मनोज पहाड़िया, मानक गोधा का विशेष सहयोग रहा।



# हवेली संगीत ने मोहा मन, कृष्णमय हुए कला अनुरागी

## कलावृन्द द्वारा गोकुलोत्सव में हवेली संगीत का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 'फिजा में घुलता श्याम रंग, फूलों की बौछार, ब्रज भाषा के मधुर गीत, राधा नाम की रसधार', कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला पारीक कॉलेज स्थित श्रीनाथ मन्दिर में। जन्माष्टमी अवसर को ध्यान में रखते हुए कलावृन्द की ओर से गोकुलोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शिवनंदन सिंह, छवि जोशी, प्रमोद पारीक, दीपतांशु पारीक, व समूह ने हवेली संगीत की प्रस्तुति दी। मंच पर पहुंचे कलाकारों ने श्री कृष्ण और राधा रानी की मनमोहक छवि को मंच पर साकार किया। 'गणपति आराधना, वृंदावन प्यारो वृंदावन, श्री कृष्ण की वंदना के साथ प्रस्तुति की शुरूआत हुई। इसके बाद कलाकारों ने किशोरी जी की वंदना कृष्ण पद पर मनमोहक गायन को बाल कलाकार पूर्विता व आद्विक की प्रस्तुति के साथ ब्रज यात्रा के सौंदर्य को साकार किया गया। समारोह में मौजूद दर्शकगण कृष्ण रंग में रंगे दिखायी दिए। इसी बीच नेहा जैन, अनुपमा शर्मा, पूजा पारीक व शालिनी पारीक के सामूहिक नृत्य प्रस्तुति ने सभी को रोमांचित कर दिया। प्रीतम हमारो प्राण, साँवरिया थारा घूँघर गीत गायन कर कलाकारों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हवेली प्रांगण में श्री कृष्ण की मनमोहक छवि ने दर्शकों का मन मोह लिया। जियो श्याम लाला, जुग जुग जीयो रे, नाचे नन्दलाल से जब समां बंधा तो सभी झूम उठे। संपूर्ण कार्यक्रम में संगतकलाकारों में श्री राघव शर्मा ने तबला वादन, श्री कमल राणा ने ढोलक, श्री रमेश बुनकर ने झाँझ- मंजीरा, श्री अनमोल पारीक ने बांसुरी व श्री पीयूष कुमार ने सिंथेसाइजर पर दमदार संगत की। गोकुलोत्सव समारोह को कलावृन्द सदस्यों के साथ विद्यासागर संस्थान ने सहयोग किया।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव अहीर समाज ने निकाली शोभायात्रा



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सोमवार को ढोल-ढमाकों के साथ यादव अहीर समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दोपहर में स्थानीय डाक बंगले से प्रारम्भ होकर शहीद स्मारक, फ्रामजी चौक, हनुमान चौक से नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई सुतरखाना मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल अखाडे में जहां युवक करतब दिखाते हुए चल रहे थे वहीं ढोल की थाप व डीजे की धुनों पर युवक, युवतियां व महिलाएं नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा में भव्य झांकियां भी प्रदर्शित की गई जिसमे भगवान श्रीकृष्ण, भगवान शिव की झांकियां शामिल थी।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# प्रभु भक्ति में विश्व शांति हेतु अर्घ चढ़ाये



## जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा पूजन विधान का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा प्रभु भक्ति धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पदमपुरा अतिशय क्षेत्र में किया गया। संजय छाबड़ा अध्यक्ष एवं सुनील जैन गंगवाल सचिव ने बताया कि महानगर ग्रुप हर वर्ष भाद्र पद माह में धार्मिक पूजन विधान का आयोजन करता है। इस वर्ष महानगर के 25 वर्ष के इतिहास मे पहली बार धार्मिक विधान में 100 से अधिक सदस्य पूजा में बैठे, पालकी मे श्रीजी को वीराजमान करके जयकारों के साथ शोभा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में श्री शान्ति विधान में जैन धर्म के हीरे मोती, रंगमा रंगमा रगमा रे आदि भजनों से बाडा पदमपुरा भूमि गूँज उठी।सभी सदस्यों ने पूर्ण भक्ति के साथ पूजन कर पुण्य लाभ के भागीदार बने। कार्यक्रम के पुण्यार्जक एवं सयोजक महावीर - सुनीता कसेरा, सुनील - रीतू पाटनी, सुरेन्द्र - सरिता पाटनी, पुखराज - गीतिका जैन, अजीत - सुनीता पाटोदी, संजय - सपना छाबड़ा, सुनील - अनिता गंगवाल एवं अनुज - कीर्ति जैन रहे। नोर्थन रीजन चैयरमेन इलेक्ट् राजीव पाटनी, सचिव सिद्धारथ जैन, सुधीर जैन अध्यक्ष पदमपुरा अतिशय क्षेत्र, राजकुमार कोठारी अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कमेटी राजस्थान के साथ साथ महानगर ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष सी एस जैन, रवि प्रकाश जैन, विरेंद्र जैन, राजीव जैन, दीपेश छाबड़ा सहित महानगर पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं महानगर ग्रुप परिवार उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मौसम के अनुरूप चूरमा दाल बाटी का लुफ्त उठाया।



## भारत वर्षीय दिगंबर जैन श्रुत संवर्द्धनी महासभा मध्यप्रदेश इकाई में नये पदाधिकारियों का मनोनयन



**इन्दौर. शाबाश इंडिया**

भारत वर्षीय दिगंबर जैन श्रुत संवर्द्धनी महासभा दिल्ली व लखनऊ के मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष इन्द्र वीणा सेठी द्वारा केंद्रीय पदाधिकारियों की सहमति से संजय किरण कासलीवाल को प्रान्तीय महामंत्री व चिराग जैन को प्रान्तीय कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती मुक्ता राजेश जैन को प्रान्तीय प्रचार प्रभारी मनोनीत किया गया। श्रुत संवर्धनी महासभा जिनवाणी के प्रचार प्रसार व संरक्षण में सदैव अग्रणी है। अनुपलब्ध ग्रंथों का प्रकाशन भी कराया जा रहा है तथा समाज के कमजोर वर्ग के लिये छात्रवृत्ति व आर्थिक स्वावलंबन की योजना भी चलाई जा रही हैं। इन मनोनयन पर अनिल रावत डा जैनेन्द्र जैन संभागीय अध्यक्ष डी के सीमा जैन अमित कासलीवाल राजकुमार पाटोदी हंसमुख गांधी देवेंद्र सेठी टीके वेद ने बधाई प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।



## जन्माष्टमी पर लगातार 30 सालों से चरण पादुका सेवा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर की श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति जन्माष्टमी पर पिछले 30 सालों से लगातार गोविंददेव जी मंदिर में चरण पादुका सेवा प्रदान कर रही हैं। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि समिति ने इस जन्माष्टमी पर लगभग 10 लाख भक्तो को चरण पादुका सेवा प्रदान की है। समिति व्यवस्थित तरीके से भक्तगणों के चप्पल जूतों को बैग में रखकर टोकन दे कर उनको रखती है। हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य ने भी समिति की व्यवस्था को सराहा।मंदिर कमेटी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में इस प्रकार की व्यवस्थित सेवा प्रदान करने वाली एकमात्र संस्था श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति ही है। इस अवसर पर समिति के ओमप्रकाश मोदी,सीताराम कांडा, कमल मोदी, राजकुमार लोहिया, सुभाष सैन, ओमप्रकाश मांधनिया,अनिल शर्मा, डॉ के के शर्मा, शिवकुमार जालान, रश्मि त्रिवेदी, डॉ सुनील धायल आदि उपस्थित रहे।

# त्रिदिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ






**अजमेर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महासमिति के तत्वावधान में हुआ जबलपुर के प्रख्यात आयुर्वेदिक चिकित्सा दिनेश जैन के द्वारा 27,28 और 29 तारीख को निशुल्क सेवाएं दी जाएंगी। पूरा इलाज आयुर्वेदिक दवाइयों के द्वारा किया जाएगा ।यह शिविर वैशाली नगर स्थित छतरी योजना में संचालित हो रहा है शिविर का शुभारंभ दिगंबर जैन महासमिति के प्रो सुशील पाटनी, अजय दोशी व राजेंद्र पाटनी के द्वारा किया गया। महा समिति की अध्यक्ष रूपश्री जैन ने बताया कि वैद्य जी ने महाराज श्री विद्यासागर जी, सुधासागर जी, विरागसागर जी के सानिध्य में शिविर लगा रखा है। अभी वैद्य जी ने जयपुर मे महाराज प्रणम्य सागर जी के यहां भी शिविर लगाया है ।सभी महाराज माताजी आयुर्वेद से ही इलाज होता है उनका आयुर्वेदिक पद्धति बहुत प्राचीन पद्धति है और यह एक विश्वसनीय पद्धति इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं।मंत्री अनुभा जैन ने बताया कि आयुर्वेद के द्वारा चर्म रोग, गठिया बाय, पथरी, घुटने का दर्द, साइटिका का दर्द, गर्दन का दर्द, बवासीर, माइग्रेन, शुगर, बी पी, और नसों से संबन्धित समस्त रोगों का सफल उपचार किया जा रहा है। सांस्कृतिक मंत्री रिंकू जैन ने बताया कि आज के शिविर में 27 मरीज लाभांवित हुए है। यह शिविर सभी के लिए निःशुल्क है, ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठावे।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी, मनोज मोडासिया, , सुजान मल पाटनी, शान्ति लाल सोनी, मीना दोशी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भू-गर्भ से अवतरित भगवान आदिनाथ का नवम प्रादुर्भाव दिवस धूमधाम से मनाया

### किये भगवान आदिनाथ के पंचामृत अभिषेक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** खो नागोरियान स्थित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर शांतिनाथ जी की खोह में 2015 में भूगर्भ से अवतरित अतिशय कारी भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का नवम प्रादुर्भाव दिवस भक्ति भाव से मनाया गया। राजस्थान जैन युवा महा सभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर दो दिवसीय आयोजन किया गया। पहले दिन भगवान की महाआरती एवं 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान किया गया। दूसरे दिन प्रातः मंत्रोच्चार से भगवान के जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। तत्पश्चात सौधर्म इन्द्र कमल - मंजू वैद के नेतृत्व में भगवान आदिनाथ पूजा विधान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मण्डल पर मंत्रोच्चार करते हुए इन्द्र -इन्द्राणियों द्वारा अष्ट द्रव्य के अर्घ्य चढ़ाएं गये। भक्ति संगीत पर विनोद -दीपिका जैन कोटखावदा, भागचन्द -रेखा पाटनी, संजय - मीनू छाबड़ा, प्रमिला पाटनी सहित समाजसेवी मनोज सोगानी, रवि जैन श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किए। अन्त में महाअर्घ पश्चात महाआरती की गई। इस मौके पर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजन शामिल हुए।

## अच्छे बुरे कर्म अपने स्वयं को भोगना होताः मुनिश्री 108 पावनसागर जी महाराज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा में परम पूज्य मुनि श्री 108 पावनसागर जी महाराज ने मंगलवार 27 अगस्त को षोडश कारण पर्व के अवसर पर प्रवचन करते हुए बताया कि , अच्छे बुरे कर्म अपने स्वयं को भोगना होता है। संसार सागर में सर्वश्रेष्ठ जीवन तीर्थंकरों का है, उन जैसे हम बने, उनके आदर्शों को लेकर चलें शुभ कार्यों में प्रवृत्ति और अशुभ कार्यों से निवृत्ति को व्रत कहते हैं। व्रत के दो भेद हैं, अणुव्रत और महाव्रते श्रावकों के व्रतों को अणुव्रत कहते हैं, उनका त्याग स्थूल या एक देश होता है। महाव्रतों में हिंसादी पापों का पूर्ण रूप से त्याग किया जाता है। अनतिचार रहित शील और व्रतों का पालन करना शीलव्रतेषु अनतिचार है। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि प्रवचन से पूर्व दीप प्रज्वलन मनीष जैन बड़जात्या एवं सहयोगियों ने, मंगलाचरण श्रीमती सुशीला काला ने एवं शास्त्र भेंट श्रीमती डॉ वन्दना जैन, सीमा सौगानी एवं प्रमिला काला ने किया। संयोजक कमल छाबड़ा डॉ वन्दना जैन ने बताया कि षोडश कारण महापर्व के अवसर पर प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे मुनिश्री के प्रवचन तथा रात्रि 8:00 बजे से पंडित अजित जैन 'आचार्य' के द्वारा तत्व चर्चा की जा रही है।

# परिवर्तन संसार का नियम हैः मुनि प्रणम्य सागर

## जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन, पार्श्वनाथ कथा में उमड़े श्रद्धालु, मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर बुधवार को प्रातः 8.15 बजे होगी धर्म सभा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण के चौथे अधिकार का वाचन किया गया। जिसमें मुनि श्री ने कहा कि हम माने या ना माने, चाहे या ना चाहे परिवर्तन संसार का नियम है। समय के साथ बुद्धि, शरीर व आत्म ज्ञान का विकास जरुरी है। यह संसार असार है। जिसने जन्म लिया है उसका मरण निश्चित है। मृत्यु के दिन का किसी को पता नहीं है कि यह कब आ जाए। वह इसे वैराग्य संकेत समझकर उदासीन हो जाता है। मुनि श्री ने बताया कि उदासीनता का मतलब मुँह लटकाना ही नहीं बल्कि अपनी इच्छाओं एवं इन्द्रियों पर अंकुश लगाकर ऊपर उठना है। इन संसार भोगों से आसक्ति का हटना ही उदासीनता है। हम जब कोई आशा करते हैं, वह पूर्ण नहीं होती है तो हताशा में बदल जाती है। हताशा ही निराशा को जन्म देती है। हमें कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। चाहे तो उदास हो जाए। इससे पूर्व आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। तत्पश्चात शिविर में आये अंतरप्पाओं द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन मुनि अक्षय सागर चातुर्मास समिति भाईन्दर के नलिन शाह, ललित जैन, अनिल शाह ने प्राप्त किया। समिति के सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सौगानी, सदस्य अशोक छाबड़ा, अशोक गोधा ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि इससे पूर्व सभी अतिथियों ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बुधवार, 28 अगस्त को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन आयोजन किया जाएगा इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।

# बरसात के सुहाने मौसम में शहनाई पर राग मधुकोश खिल उठी




## भादो की रिमझिम के साथ शहनाई के सुरो की संगत

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रुति मंडल एवं कला संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्रुति मंडल के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय समारोह के पहले दिन दिल्ली से पधारे शहनाई वादक लोकेश आनंद ने जब शहनाई के सुर छेड़े तो बरसात का सुहाना मौसम खुशनुमा हो गया। शहनाई के सरताज उस्ताद बिस्मिल्लाह खां को समर्पित इस कार्यक्रम में लोकेश आनंद ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राग मधुकोश में एक ताल विलंबित और द्रुत लय तीन में शहनाई बजाकर उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की याद को ताजा कर दिया। इसके बाद उन्होंने राग चंद्रप्रभा, बनारसी धुन और अंत में राग भैरवी सुनकर लोगों को आनंदित कर मंत्र मुग्ध किया। इनके साथ शहनाई पर भागवत किशोर ने साथ दिया। तबले पर पं. हिंडोल मजूमदार और और दुक्खड़ पर मानसिंह ने असरदार संगतकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन संगीता गुप्ता ने किया और श्रुति मंडल के अध्यक्ष चंद्र सुराणा और उपाध्यक्ष प्राचीन सुराणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। बुधवार को देहरादून की रूपान सरकार का शास्त्रीय गायन कार्यक्रम होगा।

# गोगा जी महाराज खेल प्रतियोगिता का समापन

## खेलों से भाईचारे की भावना बढ़ती है : सांसद अमराराम



**सुधीर शर्मा। शाबाश इंडिया**

सीकर जिले के अजीतपुरा कूदन गांव में चार दिन तक चली कब्बड्डी खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह मंगलवार को हुआ। यह कार्यक्रम गोगा पीर सेवा समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है आए हुए अतिथियों व गांव के लोगों द्वारा गोगाजी महाराज के दिप प्रज्वलित व धोक लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया। चार दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को मोमेंटो व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आसपास की 32 टीमों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने खेल के महत्व के बारे में जानकारी दी। फाइनल मुकाबला ए आर जी व धूरव होंडा के मध्य खेला गया जिसमें धुरव होडा सीकर विजेता रही। । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकर सांसद अमराराम कामरेड कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीकर सुनिता गढाला , कांग्रेस नेता जगदीश दानोदिया, जीला अध्यक्ष कब्बड्डी जगदीश फोजी, पूर्व सरपंच भागीरथ जेरठी , रामलाल पिलानिया, ब्लाक मंडल विकास कर्षणीया ,पंचायत समिति सदस्य महेश रणवा कुदन सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सुडा बाबुलाल गुरावा आदि उपस्थित रहे।मंच संचालन सुल्तान सुडा ने किया।

# चक्रवर्ती की निकली दिग्विजय यात्रा, जगह-जगह पर हुआ सत्कार

## विश्व शांति महायज्ञ में चढ़ाएं गए 256 अर्घ, छः खंड के अधिपति ने भी त्यागा राज्य :विजय धुर्रा

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में पार्श्वनाथ मंदिर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ में प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया, नरेश भइया के सान्निध्य में चक्रवर्ती की भव्य दिग्विजय यात्रा चक्रवर्ती परिवार सनत कुमार देवेन्द्र कुमार सचिन सौरव कुमार विपिन कुमार सिंघई के निवास से निकली गई। दिग्विजय यात्रा चक्रवर्ती सम्राट बने सनत कुमार देवेन्द्र कुमार सबसे पहले ऐरावत पर इसके बाद मैना सुन्दरी श्री पाल राजा सुरेशचंद्र सुधीर कुमार सजीवकुमार रिक्कू ओडेर, सौधर्म इन्द्र सुभाष कुमार राहुल कुमार पिपरई, इनके पीछे बैंड बाजा, इसके बाद धनकुबेर संजीव कुमार मनीष कुमार महावीर, महा यज्ञ नायक इंजिनियर अनिल कुमार जैन, इसके बाद दिव्य घोष, ईसान इन्द्र विनोद कुमार लोकेश कुमार अंकित सन्तूरा सनत इन्द्र कमलेश कुमार सचिन कुमार एन एस महेंद्र इन्द्र प्रमोद कुमार प्रसुन कुमार मंगलदीप इनके वाद ब्रह्म इन्द्र एस के जैन सहित अन्य प्रमुख इन्द्र विभिन्न भेष भूसा में नाचते गाते हुए चल रहे थे।

### प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा का भव्य स्वागत

भव्य यात्रा का स्थान स्थान पर तिलक श्री फल शाल दुपट्टा से भक्तों ने अभिनंदन किया यह यात्रा श्री कालोनी मन्दिर से युगल सरकार मन्दिर रोड़ वाई-पास रोड़ तायड़े कालोनी महात्मा बाड़ा ईसागढ़रोड़ हास्पिटिल चौराहा मंडी रोड पछाड़ी खेड़ा रोड़ होते हुए पार्श्वनाथ मन्दिर पहुंची धर्म सभा में बदल गई जहां जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि भरतचक्रवर्ती ने छ खंड पर विजय प्राप्त करने के वाद दिग्विजय यात्रा निकाली थी उसी को प्रतीक बनाकर इसका आयोजन किया गया है चक्रवर्ती सम्राट ने वर्षो राज करने के वाद वैराग्य होने पर तृण की तरह चक्रवर्ती के वैभव को त्याग कर संन्यास को धारण कर लिया।

### चक्रवर्ती का जैन समाज ने किया सम्मान

श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ में बने चक्रवर्ती सम्राट सनत कुमार देवेन्द्र कुमार सचिन कुमार सौरव कुमार निर्मल कुमार विपिन सिंघई का सम्मान समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिघई संजय के टी अंकित सन्तूरा संजीव रिंकु ओडेर मनोज धुर्रा चंकी पर्वा संजीव महावीर तरावली निर्मल मिर्ची हेमंत टडैया सुलभ अखाई सचिन जैन एन एस जे की जैन नीरज जैन सहित अन्य प्रमुख जनो पचरंगा दुपट्टा श्री फल के साथ किया गया किया।






# वी के मेहता व मुख्तार अली की याद में हुआ कार्यक्रम



**कोलकाता. शाबाश इंडिया**

मेमोरी ऑफ मारटीडम ऑफ मेहता एंड मुख्तार की पहल पर पुलिस की ड्यूटी के दौरान शहादत प्राप्त कोलकाता पुलिस के भूतपूर्व डीसी (पोर्ट) विनोद कुमार मेहता और कांस्टेबल मुख्तार अली की याद में शमीम पैलेस में कार्यक्रम हुआ।इसमें 14 सैंबो खिलाडियों के अतिरिक्त पोर्ट क्षेत्र के चुनिंदा सामाजिक कार्यकर्ताओं एंव पुलिस अधिकारियों को उनके विशिष्ट सेवा कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे पोर्ट डीसी हरिकृष्ण पाई ने कहा कि स्वर्गीय मेहता व मुख्तार अली को हर वर्ष इसी तरह याद किया जाये,ताकि उनकी यादों को हमलोग भूल नहीं सके। भविष्य में इस संस्था को जिस किसी भी सहयोग की जरूरत होगी कोलकाता पुलिस तत्परता के साथ उसे पूरा करने की कोशिश करेगी। इस मोके पर मौजूद डॉक्टर विजय नारायण झा ने कहा कि एक वेबसाइट भी होनी चाहिए। जहाँ से लोगों को उनके बारे में तमाम तथ्य पता चल सकें।उन्होंने इसके लिए आर्थिक सहायता का वादा किया।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर अठखेलियां करते हुए प्रतापनगर निवासी दिव्या- अंकित बाकलीवाल का 4 वर्षीय पुत्र देवांश बाकलीवाल



अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरं।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम्

देश भर में आज जन्माष्टमी की धूम है. जन्माष्टमी के ही दिन भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था, जो कि भगवान विष्णु के 8वें अवतार माने जाते हैं। बच्चें कृष्ण जन्माष्टमी पर अठखेलियाँ करते हैं। ये बालक कान्हा देवांश बाकलीवाल हैं जो श्योपुर प्रतापनगर निवासी दिव्या - अंकित बाकलीवाल का पुत्र है। जन्माष्टमी के इस अवसर पर देवांश बाकलीवाल ने अठखेलियो से सबका मन मोह लिया।